# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–12 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण एक बी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने पांच हजार आठ सौ एक करोड़ रुपए के खर्च के साथ ग्यारह दशमलव एक छह पांच किलोमीटर लंबी मेट्रो रेल परियोजना को स्वीकृति दी है। इस परियोजना के तहत सात भूमिगत और पांच एलिवेटेड स्टेशन मिला कर कुल बारह मेट्रो स्टेशन होंगे। इस परियोजना के जरिए अमीनाबाद, चौक, किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज, भूल भुलैया और रुमी दरवाजा जैसे लखनऊ के कई प्रमुख स्थानों पर मेट्रो सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**********

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण एक बी को कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए रक्षा मंत्री ने इसे प्रगतिशील और लोकहित का निर्णय बताया है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में उम्मीद जताई है कि विभिन्न आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक सुविधाओं को जोड़ते हुए यह मेट्रो न केवल राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर भी प्रदान करेगी।

**********

विधानसभा में दूसरे दिन आज का सत्र काफी हंगामेदार रहा। समाजवादी पार्टी ने फतेहपुर मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। जब संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस मामले पर जवाब दिया तो उनके उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। एक रिपोर्ट–

**विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने फतेहपुर में धर्मस्थल से जुड़े विवाद की घटना को लेकर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि पुलिस मामले को संभाल नही पायी। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मामले में रिपोर्ट लिखी गयी है। दस नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। जो भी कानून को हाथ में लेने की कोशिश करेगा उसको न्याय प्रक्रिया के तहत दंड मिलेगा। संसदीय कार्य मंत्री के इस जवाब से असंतुष्ट होकर समाजवादी पार्टी के विधायक वेल में धरने पर बैठ गये और नारेबाजी की। कानून व्यवस्था के सवाल पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सैकड़ों मामलों में कम से कम बाइस दिन और अधिकत्तम एक सौ चौंतीस दिन के भीतर सजा हुई। इतनी जल्दी न्यायिक प्रक्रिया से किसी भी सरकार में सजा नही हुई। शिक्षा के मुद्दों पर विपक्ष को आंकड़ो के साथ जवाब देते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एक भी विद्यालय बंद करने का निर्णय नही लिया गया है।**

**विधानसभा में भारतीय अंतरिक्ष यात्री एंव ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के एक्सियोम–फोर मिशन की सफलता पर उनके सम्मान में सरकार की तरफ से बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। सदन में मौजूद सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। समाचार कक्ष से मै अरूण।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिकल सेल रोग से देश को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक मुक्त करने की ऐतिहासिक पहल पर आज केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का लेख साझा किया। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन नए युग को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने भारतीय किसानों को समर्थन देने संबंधी सरकार के उपायों पर राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू के लेख को भी साझा किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की है। कल एक वीडियो संदेश के जरिए उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान, और शान है एवं स्वच्छता हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता तथा हमारे भविष्य की पहचान है।

**मुझे विश्वास है कि हम अपने अपने पंचायत सचिवालय, नगर निकाय, कार्यालय, घरों, सार्वजनिक भवनों और संस्थानों में तिरंगा लहराएगें और आस पास के स्वच्छता को अपना व्यक्तिगत दयित्व मानते हुए सुनिश्चित करेगें।**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में विविध गतिविधियों के आयोजन जारी हैं। इसी क्रम में मऊ जिले में आज तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसे वहां के जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जौनपुर जिले के डोभी क्षेत्र में स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा रैली निकाल कर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। इस अभियान के तहत कुशीनगर जिले में सात लाख तिरसठ हजार से अधिक तिरंगा झंडा फहराने की तैयारी की जा रही है। वहां के जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि इसके लिए महिला समूहों द्वारा भी झंडे तैयार किए जा रहे हैं।

**********